राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ कैथल

वार्षिक विवरण(2021–22)

कैथल शहर में जितने भी शिक्षण संस्थान है उनमे राजकीय बहुतकनीकी संस्थान शेरगढ कैथल का नाम आता है। यह संस्थान राष्टीय राजमार्ग–65 पर कैथल के गांव शेरगढ में स्थित है। तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में संस्थान नित नये–नये आयाम प्रस्तुत कर रहा है। प्रस्तुत है संस्थान की वार्षिक रिर्पोट जो निम्न प्रकार से है

1. **दाखिलेः–** संस्थान ने वर्ष 2020–21 में शत–प्रतिशत दाखिले किये संस्थान में पहले हर शाखा में 54–54 सीटे थी मगर हमारे कर्मठ स्टाफ ने पूरी मेहनत करके सभी शाखाओं Electrical ,Mechanical Computer, Civil की सारी सीटो को भर दिया। बाद में सीटों को 60 कर दिया। और हमने इस वर्ष 100 % दाखिले का जो लक्ष्य उच्चाधिकारियों ने दिया था हमने पूरा किया।
2. **परिणामः–** हम जब भी कोई कार्य करते है सबसे जरुरी होता है परिणाम। संस्थान का परिणाम पिछले सालो में बहुत ही बढिया रहा वर्ष 2018 में संस्थान का परिणाम 60 % रहा, वर्ष 2019 में 70 % रहा वर्ष 2020 में संस्थान का परिणाम 75 % रहा एवं 2021 में यह बढकर 81 % हो गया। इस तरह संस्थान निरन्तर परिणाम के लिए तरक्की के पथ पर अग्रसर है।
3. **प्लेसमेंटः–** तकनीकी शिक्षा की सबसे बडी बात होती है कि इसमे बच्चा पढते– पढते नौकरी हासिल कर सकता है। इसी क्रम में जब से संस्थान अस्तित्व में आया है 2018 से 2022 तक कांलेज के 100 से अधिक छात्र विभिन्न नामी कम्पनियों एवं सरकारी विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे है। संस्थान ने 6 छह नामी कम्पनियों के साथ MoU Sign किया है।
4. **स्टाफः–** संस्थान में बहुत ही मेहनती ,कर्मठ , निष्ठावान एवं अनुभवी स्टाफ है जो अध्यापन कार्य के अलावा संस्थान को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए अग्रसर है।
5. **अन्य सास्कृतिक गतिविधियांः–**समय –समय पर हमारे संस्थान में विभिन्न सास्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होता रहा है। सरकार द्वारा चलाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव में भी संस्थान बढ–चढ कर भाग ले रहा है। जिला र्निवाचन कैथल द्वारा आयोजित मेहन्दी प्रतियोगिता में हमारे संस्थान की लडकियों ने द्वितिय स्थान हासिल किया ।
6. **खेल–कूदः–** मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ – साथ शारीरिक विकास भी बहुत जरुरी है। इसलिए बच्चे खेल–कूद कर अपने शरीर को स्वस्थ रख सके इसके लिए भी संस्थान में खेलो का अलग विभाग बना रखा है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हमारे संस्थान के मेधावी छात्र मंयक ने बालीवांल में गोल्ड मेडल हासिल किया है
7. **पुस्तकालयः–** संस्थान मे अत्याधुनिक पुस्तकालय है जिसमें वर्ष 2018 में 800 विभिन्न सकांय की किताबें थी। 2021 में 1296 किताबें थी एवं पढने के लिए उत्तम बैठने की व्यवस्था है। विदेशी एवं विदेशी लेखको की विभन्न किताबें भी पुस्तकालय में उपलब्ध है। अब 2021 के बाद 2670 किताबें संस्थान में उपलब्ध है।
8. **प्रयोगशालाः–** संस्थान में विद्यार्थियों के लिए नवीनतम पद्धति पर आधारित प्रयोगशालाएं व कम्पयूटर प्रयोगशालाएं है। विभिन्न वर्कशॉप है जिसमें कॉरपेंटरी, वैल्डिंग , लेथ मशीन, आदि पर बच्चें काम सीख कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाते है।
9. **छात्र– छात्राओ के लिए सुविधाएंः–** विद्यार्थियों का हित ही सवोपरि है। उनके लिए पीने के पानी की व्यवस्था, उत्तम क्लास रुम एवं खेलने के लिए मैदान आदि है। हमारे संस्थान में छात्रों के लिए दो समार्ट क्लास रुम है जिससे बच्चे नवीनतम पद्वति से शिक्षा ग्रहण करते है।
10. **छात्रवृतिः–** संस्थान में सरकार द्वारा समय–समय पर अनेको छात्रवृति बच्चों को दी जाती है जैसे प्रगति , सक्षम,स्वनाथ, पोस्ट मैटिक स्कोलरशिप । पिछले दो वर्षो में हमारे संस्थान की छह छात्राओं को प्रगति स्कोलरशिप के तहत 50000रु प्रति वर्ष मिलेगें। हमारे संस्थान के एक द्विवांग छात्र जो विधुत अभियान्त्रिकी प्रथम वर्ष में पढता है उसको सक्षम छात्रवृति के तहत 50000रु प्रति वर्ष मिलेंगें।